संख्या–cm-169
09/04/2020

मुख्यमंत्री ने संदिग्ध कोरोना मरीजों की जॉच हेतु किट्स उपलब्ध कराने के लिये बिल एण्ड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन को दिया धन्यवाद

पटना, 09 अप्रैल 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बिल एण्ड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन द्वारा संदिग्ध कोरोना मरीजों की जॉच के लिये 15 हजार टेस्ट के लिये आवश्यक किट्स उपलब्ध कराये जाने पर बिल एण्ड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन तथा उनके यहॉ पर कार्यरत पदाधिकारियों एवं कर्मियों को धन्यवाद दिया है।

ज्ञात हो कि बिल एण्ड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन भारत सरकार एवं राज्य सरकारों के साथ मिल कर स्वास्थ्य एवं सामाजिक विकास सहित अन्य सेवाओं में सहयोग के लिये प्रयासरत है। बिहार राज्य को भी इस फाउंडेशन से सहयोग मिलता रहता है। बिल गेट्स और मेलिंडा गेट्स इस फाउंडेशन के को–चेयर और ट्रस्टी हैं।

******